24.12.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अरावली क्षेत्र में खनन से जुड़ी खबरों पर लोगों से भ्रमित नहीं होने का आग्रह किया।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान को फिल्म शूटिंग का पसंदीदा केन्द्र बनाने के लिए नई फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति जारी की।

○ नशा मुक्त भारत अभियान से 21 करोड़ से अधिक लोगों को जोड़ा गया–प्रदेश में 10 नये नशा मुक्ति केन्द्र खोले जाएंगे।

○ प्रभु यीशू का जन्मदिन क्रिसमस कल–बड़ा दिन मनाने के लिए विशेष तैयारियां।

000

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि अरावली पहाड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में कुछ लोगों की ओर से गलत सूचना फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अदालत के निर्णय की गलत व्याख्या कर इसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। आकाशवाणी से बातचीत में श्री यादव ने लोगों से किसी भी तरह से भ्रमित नहीं होने को कहा है।

000

उन्होंने इसके साथ ही स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने का है। केन्द्रीय मंत्री ने अरावली ग्रीन वॉल पहल पर कहा कि इसमें क्षेत्र की बंजर भूमि में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है।

000

वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के उपलक्ष में प्रदेशभर में कार्यक्रमों की श्रंखला जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सीकर के रामगढ़ शेखावाटी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर सीकर और झुंझुनूं जिले को 539 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन के लिए जनता के प्रति जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी जवाबदेही के साथ काम कर रही है और दो साल के कामकाज का हिसाब लोगों के बीच पहुंच कर दिया जा रहा है।

000

मुख्यमंत्री ने आज राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति–2025 जारी की। इससे राजस्थान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मांकन का पसंदीदा केंद्र बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि ये नीति राज्य को फिल्मी हब के रूप में स्थापित करेगी और युवाओं को रोज़गार तथा कौशल विकास के मौके देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति के तहत फिल्म निर्माताओं को सब्सिडी, प्रोत्साहन और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कई प्रावधान किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि राजस्थान में शूट की गई फीचर फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और डॉक्यूमेंट्री पर किए गए खर्च पर अधिकतम 30 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी।

000

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कल जयंती है। इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी उद्घाटन करेंगे। वहीं सुशासन दिवस की पूर्व संध्या पर गृह मंत्री अमित शाह ने आज पंचकुला में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का

अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने श्री वाजपेयी के जीवन पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। सुशासन दिवस के मौके पर जयपुर में कल राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा।

**000**

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समग्र केन्द्र बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। श्री बागड़े ने आज बीकानेर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने शिक्षकों से अपने पद की गरिमा और मर्यादा बनाए रखने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थीयों को शोध के लिए ऐसे विषयों का चयन करना चाहिए, जिससे देश और समाज को सीधा लाभ मिल सके।

**000**

नशा मुक्त भारत अभियान से अब तक अब तक 15 करोड़ से अधिक युवाओं और 6 करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने आज नई दिल्ली में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल में 15 लाख से अधिक शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंची है। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर हजारों स्वयं सेवकों को तैयार किया गया है।

इधर, प्रदेश में भी चालू वित्त वर्ष में 10 नये नशा मुक्ति केन्द्र खोले जाएंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज झुंझुनूं में एक प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

**000**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के विस्तार पांचवें चरण को मंजूरी दे दी है। इस पर करीब 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में मीडिया को ये जानकारी देते हुए बताया कि इस चरण में 13 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क 400 किलोमीटर को पार कर जाएगा।

**000**

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में कई जागरुकता कार्यक्रम रखे गये। डीग में हुए कार्यक्रम में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े राज्य सरकार के नये दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी। पाली और सवाईमाधोपुर में भी रसद विभाग की ओर डिजिटल न्याय थीम पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उपभोक्ताओं के कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया।

**000**

प्रभु यीशू मसीह का जन्मदिन क्रिसमस पर्व कल मनाया जाएगा। बड़े दिन का उत्सव मनाने के लिए गिरजाघरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। खुशियों के इस त्यौहार पर गिरजाघरों को आकर्षक रोशनी और झांकियों से सजाया गया है।

कल विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा और कैरल्स गाए जाएंगे। क्रिसमस ईव पर आज केक और चॉकलेट्स की खासी बिक्री हो रही है। शॉपिंग मॉल्स के साथ ही कई स्थानों पर क्रिसमस ट्री भी सजाये गये हैं और सांता क्लॉज़ बच्चों को उपहार बांट रहे हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में श्री बागड़े ने ईसा मसीह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

**000**

भरतपुर में आज से महाराजा सूरजमल स्मृति दिवस समारोह की शुरूआत हुई। दो दिन का ये समारोह जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। समारोह के पहले दिन आज लोहागढ़ किले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई और किशोरी महल में सेंड आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई। विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में हो रही सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां हो रही हैं। कल शौर्य यात्रा निकाली जाएगी।

000

दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर कोटा जिले के चेचट में एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मृत्यु हो गई। एक कंटेनर के बेकाबू होकर कार पर गिरने से ये दुर्घटना हुई, जिसमें कार सवार महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

उधर, नागौर में आज तड़के एक कार के पलटने से दो युवकों की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा अजमेर–बीकानेर हाईवे पर थांवला क्षेत्र में हुआ। घायलों को अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000

राज्य में तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच आज सर्दी का असर एक बार फिर तेज़ हो गया है। बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर सहित कई जिलों में दिन के तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। वहीं 2 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीकर का फतेहपुर बीती रात सबसे सर्द रहा। नागौर में रात का पारा 3 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर के लूणकरणसर में न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 4 डिग्री रहा। इस बीच, आज चूरू, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ सहित कई जगह मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मौसम केन्द्र जयपुर ने कल उत्तर–पश्चिमी जिलों में हल्के से मध्यम और कहीं–कहीं घना कोहरे का अनुमान बताया है।

000

राजस्थान नेत्रहीन सेवा संघ की ओर से कल जयपुर में वर्ल्ड ब्लाइंड यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष कुमार रूंगटा को सम्मानित किया जाएगा। ये पहला मौका है, जब एक भारतीय इस अंतर्राष्ट्रीय यूनियन के अध्यक्ष बने हैं।

000